विभाग के कार्य एवं जिम्मेदारियां

यह विभाग नगर पालिकाओं के विभागाध्यक्ष के रूप में उनके नियन्त्रण व पर्यवेक्षण के साथ उनके मार्गदर्शक , मित्र व दार्शनिक के रूप में कार्य करता है। राज्य सरकार द्वारा सौपे गये विभिन्न अधिकारों का प्रयोग कर कार्य सम्पादित करता है। यह राज्य सरकार व नगर पालिकाओं के मध्य कड़ी के रूप में समन्वय स्थापित कर, नगर पालिकाओं के विकास करने हेतु उनकी आर्थिक स्थिति सुधारनें एवं अधिकाधिक नागरिक सुविधाऐं सुलभ कराने हेतु उन्हे जागृत करता है, इसके अतिरिक्त नगर पालिकाओं के डेटा बैक के रूप में कार्य कर, अपनी सेवाऐं अर्पित करता है।

यह विभाग नगर पालिकाओं के पर्यवेक्षण , निरिक्षण , नियंत्रण के अतिरिक्त उनके बजट अनुमानों की जॉच करना, स्वीकृति देना, नगर पालिकाओं में कार्यरत प्रशासनिक एवं तकनीकी अधिकारियों की नियुक्ति , संस्थापन एवं विकास कार्यों के लिए योजनाओं की स्वीकृति देना एवं अनुमानों का अनुमोदन करना , भूमि विक्रय की विभिन्न वित्त स्वीकृति देना, आडिट आक्षेपों का निस्तारण व कार्यवाहियां, अनिवार्य करों का करारोपण करना व नगर पालिकोंओं द्वारा तैयार किये गये नियमों/ उपनियमों आदि पर स्वीकृतियां देना तथा नगर पालिकाओं के लिए विभिन्न प्रकार के नियम, आदेश , निर्देश आदि प्रसारित करनें का कार्य करता है।

राज्य सरकार द्वारा नगरपरिषद् /पालिकाओं को दिये जाने वाला सामान्य व विशेष अनुदान भी इसी विभाग के माध्यम से वितरित किया जाता है।